RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

ई-पाठशाला कार्यक्रम

Class 12th POLITY

लोकतांत्रिक व्यवस्था का संकट

RAPID REVISION



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

mg missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. **'गरीबी हटाओ' का नारा किसने दिया?**

अ लालबहादुर शास्त्री


ब इंदिरा गाँधी

स मोरारजी देसाई

द राममनोहर लोहिया

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER




2. 1971 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस (आर) को कितनी सीटें मिलीं?


अ	16
ब	375
स	352
द	60

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

3. भारत में चौथा आम चुनाव कब हुआ?






4. गैर-कांग्रेसवाद के रणनीतिकार कौन थे?


अ के. कामराज

ब मोरारजी देसाई

स राममनोहर लोहिया

द सी. नटराजन अन्नादुरई





5. 'आया राम-गया राम' के गया लाल किस राज्य से संबंधित थे?

अ पंजाब

ब हरियाणा

स उत्तर प्रदेश

द बिहार

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

6. 'जय जवान-जय किसान' का नारा किसने दिया?

अ जवाहरलाल नेहरू


ब इंदिरा गाँधी

स राममनोहर लोहिया

द लालबहादुर शास्त्री

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



7. 1969 के राष्ट्रपति चुनाव में स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में कौन विजयी हुए?

अ एन. संजीव रेड्डी

ब वी.वी. गिरि

स एस. निजलिंगप्पा

द के. कामराज


8. 1967 के विधानसभा चुनाव में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) को किस राज्य में पूर्ण बहुमत मिला?

अ पंजाब

ब बिहार

स मद्रास (वर्तमान तमिलनाडु)

द राजस्थान



9. 1969 में कांग्रेस के विभाजन के बाद सिंडिकेट के नेतृत्व वाला गुट किस नाम से जाना गया?

अ कांग्रेस (आर)

ब कांग्रेस (ओ)

स संयुक्त विधायक दल

द द्रविड़ मुनेत्र कषगम

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

10. 1971 के चुनाव में 'इंदिरा हटाओ' अभियान चलाने वाले विपक्षी गठबंधन का नाम क्या था?

विपक्षी दलों का

(अ) ग्रैंड अलायंस

(ब) कांग्रेस (आर)

(स) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी

(द) संयुक्त विधायक दल

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

रिक्त स्थान

11. जवाहरलाल नेहरू के राजनीतिक उत्तराधिकारी



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

mg missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

12. 1967 के चुनावों के बाद विभिन्न गैर-कांग्रेसी दलों ने मिलकर _____ बनाया।

सिंडिकेट



संयुक्त विधायक दल

13. 1969 में कांग्रेस अध्यक्ष _____ ने इंदिरा गाँधी को पार्टी से निष्कासित किया।



14. 1971 के पाँचवें लोकसभा आम चुनाव _____ माह में हुए।



15. 1971 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस (आर) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के गठबंधन को सीटें मिलीं।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

16. लालबहादुर शास्त्री की मृत्यु के बाद प्रधानमंत्री पद के लिए किनके बीच मुकाबला हुआ?

उत्तर– मोरारजी देसाई और इंदिरा गाँधी के बीच।



17. 1967 के चुनाव परिणामों को 'राजनीतिक भूकंप' क्यों कहा गया?

उत्तर– कांग्रेस के मतों और सीटों में भारी गिरावट तथा कई राज्यों में उसकी सत्ता समाप्त होने के कारण।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

18. सिंडिकेट के किन्हीं दो नेताओं के नाम लिखिए।

उत्तर– के. कामराज और एस. निजलिंगप्पा।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

19. प्रिवी पर्स की समाप्ति के लिए संविधान में संशोधन किस वर्ष हुआ?

उत्तर– 1971 में।



20. 1971 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस (ओ) को कितनी सीटें मिलीं?



उत्तर– 16 सीटें।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

21. प्रिवी पर्स से क्या अभिप्राय है?

उत्तर–

1. **अर्थ :** पूर्व रियासतों के शासक परिवारों को दी जाने वाली विशेष आर्थिक सुविधाओं की व्यवस्था को प्रिवी पर्स कहा गया।
2. **विशेष भत्ते :** रियासतों के भारतीय संघ में विलय के समय सरकार ने शासकों को विशेष भत्ते देने का आश्वासन दिया।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

3. **निजी संपदा :** तत्कालीन शासक परिवारों को निश्चित मात्रा में निजी संपदा रखने का अधिकार दिया गया।
4. **निर्धारण का आधार :** इन सुविधाओं का निर्धारण रियासत के विस्तार, राजस्व और क्षमता के आधार पर किया गया।
5. **समाप्ति :** समानता और सामाजिक-आर्थिक न्याय के सिद्धांतों से असंगत होने के कारण 1971 में इसकी समाप्ति के लिए संविधान में संशोधन हुआ।

22. गैर-कांग्रेसवाद क्या था?

उत्तर–

1. **अर्थ :** कांग्रेस को सत्ता से हटाने के उद्देश्य से विपक्षी दलों की एकजुटता की रणनीति को गैर-कांग्रेसवाद कहा गया।
2. **रणनीतिकार :** समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया ने इस रणनीति को गैर-कांग्रेसवाद नाम दिया।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

3. **विपक्षी एकता :** अलग-अलग विचारधाराओं वाले दल कांग्रेस के विरुद्ध एकजुट हुए।
4. **चुनावी तालमेल :** विपक्षी दलों ने कुछ राज्यों में मोर्चे बनाए और अन्य राज्यों में सीटों का तालमेल किया।
5. **उद्देश्य :** कांग्रेस के प्रभुत्व को चुनौती देना और गरीबों के हित में लोकतंत्र को मजबूत करना इसका घोषित उद्देश्य था।

23. दल-बदल क्या है?

उत्तर–

1. **अर्थ :** कोई जनप्रतिनिधि जिस दल के चुनाव-चिह्न पर चुनाव जीतता है, उसे छोड़कर दूसरे दल में शामिल हो जाए, तो इसे दल-बदल कहते हैं।
2. **प्रमुख अवधि :** 1967 के आम चुनावों के बाद दल-बदल की घटनाएँ प्रमुख रूप से सामने आईं।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

3. **राजनीतिक प्रभाव :** दल-बदल ने राज्यों में सरकारों के बनने और गिरने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

4. **उदाहरण :** हरियाणा के विधायक गया लाल ने एक पखवाड़े में तीन बार दल बदला।

5. **प्रसिद्ध जुमला :** इस दौर में 'आया राम-गया राम' राजनीतिक जुमला प्रसिद्ध हुआ।

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न

24. कांग्रेस ने 1967 का आम चुनाव किन परिस्थितियों में लड़ा और क्या जनादेश मिला?

उत्तर– **भूमिका :** 1967 का चौथा आम चुनाव भारत के राजनीतिक इतिहास में महत्वपूर्ण था। कांग्रेस ने यह चुनाव गंभीर आर्थिक संकट, नेतृत्व परिवर्तन और बढ़ते जन-असंतोष के वातावरण में लड़ा।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

चुनाव की परिस्थितियाँ :

1. **नेतृत्व परिवर्तन :** नेहरू और शास्त्री के निधन के बाद इंदिरा गाँधी प्रधानमंत्री बनी थीं।
2. **आर्थिक संकट :** विदेशी मुद्रा-भंडार, औद्योगिक उत्पादन और निर्यात में गिरावट आई थी।
3. **खाद्यान्न संकट :** मानसून की असफलता और सूखे से खाद्यान्न की कमी पैदा हुई।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

4. **महँगाई एवं बेरोजगारी :** आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों और बेरोजगारी से जनता में असंतोष बढ़ा।

5. **विपक्षी एकता :** गैर-कांग्रेसवाद की रणनीति के अंतर्गत विपक्षी दल कांग्रेस के विरुद्ध एकजुट हुए।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

चुनाव का जनादेश :

6. **केंद्र में बहुमत :** कांग्रेस को लोकसभा में बहुमत मिला, लेकिन उसकी सीटों और मत-प्रतिशत में भारी गिरावट आई।
7. **राज्यों में पराजय :** कांग्रेस नौ राज्यों में सरकार नहीं बना सकी; इनमें सात में उसे बहुमत नहीं मिला और दो अन्य में दल-बदल के कारण वह सरकार नहीं बना सकी।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

8. **राजनीतिक भूकंप :** कई प्रमुख कांग्रेसी नेताओं की हार और गैर-कांग्रेसी सरकारों के उदय से चुनाव परिणामों को राजनीतिक भूकंप कहा गया।



25. 1971 का चुनाव कांग्रेस की पुनर्स्थापना का चुनाव कैसे बना?

उत्तर– **भूमिका :** 1969 में कांग्रेस के विभाजन के बाद इंदिरा गाँधी ने 1971 का लोकसभा चुनाव अपने नेतृत्व और राजनीतिक कार्यक्रम के आधार पर लड़ा।

मुख्य बिंदु :

1. **कांग्रेस का विभाजन :** 1969 में कांग्रेस (ओ) और कांग्रेस (आर) के रूप में पार्टी का विभाजन हुआ।

2. **गरीबी हटाओ का नारा :** इंदिरा गाँधी ने 'गरीबी हटाओ' को चुनाव अभियान का प्रमुख आधार बनाया।

3. **विपक्षी गठबंधन :** ग्रैंड अलायंस ने 'इंदिरा हटाओ' को अपने अभियान का केंद्रीय उद्देश्य बनाया, जबकि उसके पास कोई सुसंगत राजनीतिक कार्यक्रम नहीं था।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

4. **वंचित वर्गों का समर्थन :** इंदिरा गाँधी ने भूमिहीन किसानों, दलितों, आदिवासियों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों और बेरोजगार युवाओं का समर्थन जुटाने का प्रयास किया।
5. **चुनावी विजय :** कांग्रेस (आर) ने 352 सीटें और 44 प्रतिशत मत प्राप्त किए।
6. **गठबंधन की सफलता :** कांग्रेस (आर) और सीपीआई के गठबंधन को 375 सीटें मिलीं।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

7. **विपक्ष की पराजय :** कांग्रेस (ओ) को केवल 16 सीटें मिलीं और ग्रैंड अलायंस को 60 से भी कम सीटें प्राप्त हुईं।
8. **प्रभुत्व की वापसी :** विजय से इंदिरा गाँधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने भारतीय राजनीति में अपना प्रभुत्व पुनर्स्थापित किया।

26. 1969 के राष्ट्रपति चुनाव ने कांग्रेस के विभाजन में किस प्रकार भूमिका निभाई? समझाइए।

उत्तर–

1. **राष्ट्रपति पद रिक्त होना :** राष्ट्रपति जाकिर हुसैन की मृत्यु के कारण 1969 में राष्ट्रपति पद रिक्त हुआ।
2. **सिंडिकेट का उम्मीदवार :** सिंडिकेट ने इंदिरा गाँधी की असहमति के बावजूद एन. संजीव रेड्डी को कांग्रेस का आधिकारिक उम्मीदवार बनाया।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

3. **स्वतंत्र उम्मीदवार :** वी.वी. गिरि ने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में राष्ट्रपति चुनाव लड़ा और उन्हें इंदिरा गाँधी का समर्थन मिला।
4. **नीतिगत मतभेद :** बैंकों के राष्ट्रीयकरण और प्रिवी पर्स की समाप्ति जैसे मुद्दों पर इंदिरा गाँधी और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में मतभेद बढ़े।
5. **पार्टी का व्हिप :** कांग्रेस अध्यक्ष एस. निजलिंगप्पा ने आधिकारिक उम्मीदवार संजीव रेड्डी के पक्ष में मतदान करने का निर्देश दिया।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

6. **अंतरात्मा की आवाज :** इंदिरा गाँधी ने सांसदों और विधायकों से अंतरात्मा की आवाज पर मतदान करने की अपील की।
7. **वी.वी. गिरि की विजय :** राष्ट्रपति चुनाव में स्वतंत्र उम्मीदवार वी.वी. गिरि विजयी हुए और कांग्रेस के आधिकारिक उम्मीदवार की हार हुई।
8. **कांग्रेस का विभाजन :** इंदिरा गाँधी को कांग्रेस से निष्कासित किया गया और पार्टी कांग्रेस (ओ) तथा कांग्रेस (आर) में बँट गई।